# एकीकृत पेंशन योजना को मंज़ूरी

## चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने **केंद्र सरकार की** एकीकृत पेंशन योजना और नई आबकारी नीति 2025 के कार्यान्वयन को मंज़ूरी दे दी है।

- सरकार ने **साहित्य** और **संस्कृति को** बढ़ावा देने के लिये **45 लेखकों को वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है।**

## मुख्य बिंदु

- **एकीकृत पेंशन योजना (UPS) अनुमोदन:**
  - उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने **राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)** के अंतर्गत अधिकारियों और कर्मचारियों के लिये **एकीकृत पेंशन योजना के कार्यान्वयन को मंज़ूरी दे दी।**
  - इस योजना का उद्देश्य सेवानिवृत्ति के बाद सुनिश्चित पेंशन भुगतान उपलब्ध कराना है।
  - **यह 1 अप्रैल, 2025** से लागू होगा।
- **नई आबकारी नीति 2025**
  - **धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए धार्मिक स्थलों के निकट शराब के लाइसेंस** बंद कर दिये जाएंगे।
  - जनता की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए **शराब की बिक्री** पर कड़ा नियंत्रण लगाया जाएगा।
  - **उप-दुकानें** और **मेट्रो शराब बिक्री प्रणाली को** समाप्त कर दिया गया है।
  - यदि कोई दुकान **अधिकतम खुदरा मूल्य (MRP) से अधिक पर शराब बेचती है तो** उसका लाइसेंस रद्द किया जा सकता है।
  - **2025-26** के लिये आबकारी **राजस्व लक्ष्य 5,060 करोड़ रुपए** निर्धारित किया गया है।
  - **वर्ष 2023-24** में **4,000 करोड़ रुपए** के लक्ष्य की तुलना में **4,038.69 करोड़ रुपए** का राजस्व अर्जित किया गया।
  - **वर्ष 2024-25** में **4,439 करोड़ रुपए** के लक्ष्य की तुलना में अब तक 4,000 करोड़ रुपए प्राप्त हो चुके हैं।
- **साहित्य और संस्कृति को बढ़ावा देना**
  - सरकार ने इस वर्ष **45 लेखकों के लिये वित्तीय सहायता की घोषणा की है।**
  - **उत्तराखंड साहित्य भूषण पुरस्कार** सहित 21 नए साहित्यिक पुरस्कार शुरू किये गए हैं।
  - **यह पहल साहित्य** और **संस्कृति के** संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।
  - मुख्यमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि यह वित्तीय सहायता **सांस्कृतिक संरक्षण** और **साहित्यिक विकास के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।**

## एकीकृत पेंशन योजना

- **सुनिश्चित पेंशन: यह 25 वर्ष** की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिये सेवानिवृत्ति से पूर्व **अंतिम 12 महीनों** में कर्मचारी के औसत मूल वेतन का **50%** होता है।
  - यह राशि, कम-से-कम **10 वर्ष की सेवा अवधि तक, आनुपातिक रूप से कम होती जाएगी।**
- **सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन: न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा** के बाद सेवानिवृत्ति की स्थिति में, **UPS 10,000 रुपए प्रति माह** की सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन प्रदान करता है।
- **सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन: सेवानिवृत्त व्यक्ति की मृत्यु** पर, उसका निकटतम परिवार सेवानिवृत्त व्यक्ति द्वारा अंतिम बार प्राप्त पेंशन का **60%** पाने का पात्र होगा।
- **मुद्रास्फीति सूचकांकीकरण:** उपर्युक्त तीनों प्रकार की पेंशनों पर महंगाई राहत उपलब्ध होगी।
  - **औद्योगिक श्रमिकों के लिये अखिल भारतीय** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर **सूचकांक की गणना की जाएगी।**
- **सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त भुगतान:** ग्रेच्युटी के अतिरिक्त, कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर **एकमुश्त भुगतान प्राप्त होगा,** जो सेवा के प्रत्येक छह माह पूरे होने पर सेवानिवृत्ति तिथि के अनुसार उनके **मासिक वेतन (वेतन+डीए) के 1/10वें** भाग के बराबर होगा।
  - **इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन** की राशि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।
  - **ग्रेच्युटी** वह राशि है, जो नियोक्ता द्वारा अपने कर्मचारियों को उनकी सेवाएँ प्रदान करने के लिये दी जाती है।
- **कर्मचारियों के लिये विकल्प:** कर्मचारी अभी भी **NPS के तहत बने रहने का विकल्प चुन सकते हैं।** हालाँकि, एक कर्मचारी केवल एक बार ही विकल्प चुन सकता है। एक बार विकल्प चुनने के बाद, विकल्प बदला नहीं जा सकता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/approval-of-integrated-pension-scheme